हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
सुदूर वनांचल में स्वास्थ्य क्रांति, नवाचार और सुविधाओं से बदल रही तस्वीर



## खबर संक्षेप

### चौहान के परिजन के मिली आर्थिक सहायता अनुदान राशि

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम तमता निवासी स्व.शिवकांती चौहान की प्राकृतिक आपदा सर्पदंश से मृत्यु के संबंध में जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर राजस्व विभाग द्वारा 18 मार्च .2026 को मृतिका के निकटतम वैध वारिसों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति अवधि में शासन द्वारा 25 मार्च के पश्चात शासकीय-योजनाओं के भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत करने पर रोक लगाया गया है। हितग्राहियों को माह अप्रैल में स्वीकृत शासन द्वारा देय अनुदान सहायता राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

### ई-चालान जमा करने हेतु ओटीसी की सुविधा

**जशपुरनगर।** संचालक, कोष एवं लेखा रायपुर के द्वारा 1 अप्रैल से भौतिक (मैनुअल चालान) शासकीय प्राप्तियों चालानों का प्रचलन समाप्त कर ऑनलाइन के माध्यम से ई-कोष पोर्टल अंतर्गत ई-चालना ओटीसी द्वारा चालान जमा करने के निर्देश प्रसारित किये गये हैं। ओटीसी सुविधा अंतर्गत ई-चालना पोर्टल पर चालान तैयार करते समय चालान का डाटा बैंक को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाता है, जिससे बैंक स्तर पर पुनः चालान की प्रविष्टि की आवश्यकता नहीं रहती है। बैंक काउंटर पर केवल ऑनलाइन द्वारा जनरेट चालान जिसमें टीआरएन (टेजरी रिप्रेंस नम्बर) की प्रविष्टि करके राशि जमा किया जाता है एवं बैंक द्वारा एमआईएस कोषालय में संचालनालय के माध्यम से प्रेषित किया जाता है। जिला कोषालय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि ई-चालान पोर्टल के अंतर्गत ओटीसी के माध्यम से शासकीय प्राप्तियों को जमा करने की प्रक्रिया के संदर्भ में 18 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से प्रशिक्षण भी दिया गया है। जिला कोषालय द्वारा जिले के संबंधित समस्त आहरण एवं कार्यालय प्रमुखों को 1 अप्रैल से ई-चालान ओटीसी के माध्यम से ऑनलाइन चालान जमा व स्वीकार करने की कार्यवाही करने के लिए सूचना प्रसारित किया गया है।

### दूसरे प्रदेश के वाहनों को मिलेगा छग का नया पंजीयन चिन्ह

**जशपुरनगर।** परिवहन विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 47 के तहत कोई भी वाहन 12 मास से अधिक किसी राज्य में रखी अथवा संचालित की जाती है तो उस राज्य का पंजीयन चिन्ह लेना अनिवार्य है। अधिकांश वाहन स्वामियों द्वारा सीमावर्ती राज्य जैसे झारखण्ड, ओडिशा राज्य की पंजीयन चिन्ह आबंटित कराकर छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित की जा रही है जो कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 47 के विपरीत है। उन वाहन मालिकों का स्थाई पता छत्तीसगढ़ राज्य की है और वाहन 12 मास से अधिक इस राज्य में रखी गई है और अभी तक छत्तीसगढ़ राज्य का पंजीयन चिन्ह नहीं लिया गया है, जिससे शासन की राजस्व की हानि हो रही है। परिवहन विभाग द्वारा विभाग द्वारा ऐसे वाहन स्वामी को जो अन्य राज्य की आबंटित पंजीयन चिन्ह, संबंधित प्राधिकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर जिला परिवहन कार्यालय जशपुर में प्रस्तुत करने हेतु सर्व संबंधितों को सूचित किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य को डीईओ ने दिया प्रतिनियुक्ति आदेश

**अम्बिकापुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राम लोलक मिश्रा 31 मार्च को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार झा ने उन्हें सत्रांत तक प्राचार्य की जिम्मेदारी संभालने पुनर्नियुक्ति आदेश, अर्जित अवकाश नगदीकरण आदेश एवं समूह बीमा योजना राशि का स्वीकृति आदेश प्रदान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हुए विविध आयोजन, लगे भंडारे

# समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है रामकथा: गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव





हनुमान जन्मोत्सव पर सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सबसे पहले ग्राम शिवपुर में सार्वजनिक रामकथा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पूर्णाहुति कार्यक्रम में विधायक श्रीमती साय शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और भाईचारे की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और भक्ति भाव से श्रीराम कथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

विधायक गोमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि "श्रीराम कथा जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इससे हमारी संस्कृति और संस्कार मजबूत होते हैं तथा आपसी एकता और भाईचारा बढ़ता है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को धर्म और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में सरपंच, मण्डल अध्यक्ष अंकित बंसल, BDC बालश्याम चौहान, अवधेश गुप्ता, नरेश यादव, अरुण यादव, धीरज शर्मा, दामोदर शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, कमलेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समिति सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इसके पश्चात विधायक श्रीमती गोमती साय ग्राम कुड़केल खजरी पहुंचीं, जहां दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने भगवान हनुमान से क्षेत्र के विकास, शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि "हनुमान जी की भक्ति हमें सेवा, समर्पण और शक्ति का संदेश देती है। मंदिरों की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा जैसे आयोजन समाज में आस्था और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलती है। इस आयोजन में मण्डल अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, सरपंच संघ अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह, कौशल्या चौहान, शशिकांता पैंकरा, सलमी निकुंज, लक्ष्मी नारायण यादव, सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। दोनों ही कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति भाव के साथ सहभागिता निभाई। विधायक श्रीमती गोमती साय की उपस्थिति से आयोजनों में विशेष उत्साह का वातावरण बना रहा।

## भावी पीढ़ी के हाथों में सनातन की परम्परा देखना सुखद अनुभूतिः जूदेव

**जशपुरनगर।** गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के बस स्टेण्ड के समीप स्थित महावीर मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा। यहां बुधवार से चल रहे 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का गुरूवार को हवन पूजन के साथ समापन हुआ। इस दौरान पूरे शहर में रामायण की चैपाईयां गूंजती रही। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुए हवन पूजा के बाद,मंदिर प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में शहर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचल से श्रद्धालु सैकड़ों की संख्या में प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटे थे। प्रसाद वितरण का सिलसिला शाम तक चलता रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष बबला गुप्ता ने बताया कि महावीर मंदिर में रामनवमीं और भगवान हनुमान के जन्मोत्सव में विशेष पूजा,भंडारा और शोभा यात्रा की परम्परा सालों से चली आ रही है।

■ महावीर मंदिर अखंड रामायण और भंडारा का आयोजन

इस अवसर पर रामनवमी शोभा यात्रा में बेहतर प्रदर्शन और योगदान देने वाले स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव, एसएसपी डा लाल उम्मेद सिंह, नगरपालिका जशपुर के अध्यक्ष अरविंद भगत, छग पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने युवा प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका उत्साहवर्धन किया।





**धार्मिक गतिविधियों का केंद्रः** प्रियवंदा सिंह जूदेव ने कहा कि पीढ़ियों से चली आ रही सनातन की इस परम्पराओं को आने वाली पीढ़ियों से जुड़ते हुए देखना सुखद अनुभव है। उन्होनें आयोजन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि रामनवमीं और हनुमान जयंती में शहर में होने वाले आयोजन को सफल करने में सब मिल कर मेहनत करते हैं। कृष्ण कुमार राय ने कहा कि महावीर मंदिर,शहर के सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों का केंद्र है। सालों से यह मंदिर लोगों के आस्था का केंद्र है। एसएसपी डा लाल उम्मेद सिंह ने जिलेवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर विधिविधान से पूजा हवन भंडारे का आयोजन



**पत्थलगांव।** गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर रायगढ़ रोड पवार हाउस के पास बने हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा की गई हवन कर भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया सुबह से ही मन्दिर परिसर को सजाया गया था हनुमान जयंती क्क्त लेकर सार्वजनिक हनुमान मंदिर पावर हाउस रायगढ़ रोड के द्वारा तैयारी की जा रही थी पंडित जी के मंत्रोच्चार के साथ पूजा हुवा हवन कर आरती की गई।

भक्तों को प्रसाद बाटा गया मान्यता है कि पावर हाउस हनुमान मंदिर में विराजे हनुमान जी का आशीर्वाद लगातार भक्तों को मिल रहा है। मन की मुरादे पूरी हो रही है। हाल ही में मन्दिर परिसर को ब्यवस्थित किया गया है।

जैसे जैसे भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है मन्दिर का कायाकल्प भी हो रहा है। पेड़ पौधों की छाव में बना मन्दिर बड़ा अलौकिक दिखता है।

## नीरज फाउंडेशन स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित




हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर स्थित नीरज फाउंडेशन स्कूल में 30 एवं 31 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम सफलतापूर्वक घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान प्राप्त किया एवं अपने विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को जाता है।

## जल जीवन मिशनः घर-घर बह रही है स्वस्थ जीवन की धारा

**जशपुरनगर।** पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल हर परिवार की मूलभूत आवश्यकता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने हर घर जल के संकल्प के साथ जल जीवन मिशन की शुरुआत की। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य देश के हर ग्रामीण घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है।

आज यह योजना गांवों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। जहां पहले लोगों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब उन्हें अपने घर पर ही साफ और सुरक्षित पानी मिल रहा है। इससे वर्षों से चली आ रही जल समस्या का स्थायी समाधान संभव हुआ है और ग्रामीण जीवन अधिक सहज, सुरक्षित और सम्मानजनक बन गया है। जशपुर जिले में इस योजना का प्रभावी और सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। हर घर नल योजना के अंतर्गत दिसंबर 2023 से फरवरी 2026 तक जिले में 20300 से अधिक घरेलू नल कनेक्शन पूर्ण किए जा चुके हैं। इसके साथ ही 430 सोलर पंप स्थापित किए गए हैं तथा 518 नलकूपों का खनन किया गया है। जिले में 52 ग्रामों को हर घर जल प्रमाणित किया जा चुका है। इन उपलब्धियों से हजारों परिवारों को राहत मिली है और अब उन्हें घर पर ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है।



■ घरेलू नल से बदली ग्रामीण जिंदगी, सुरक्षित और आसान हुआ जीवन

### शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव

जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 55 लीटर जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। घर तक जल पहुंचने से महिलाओं को सबसे अधिक राहत मिली है। अब उन्हें पानी लाने के लिए रोजाना लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती, जिससे उनका समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। इस बदलाव का सकारात्मक प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। महिलाएं अब अपने परिवार, बच्चों की देखभाल, खेती-बाड़ी एवं अन्य स्वरोजगार गतिविधियों में अधिक समय दे पा रही हैं। साथ ही, भारी बर्तन ढोने से होने वाली कमर और घुटनों के दर्द जैसी समस्याओं में भी कमी आई है। घर में ही पानी उपलब्ध होने से बच्चियों की शिक्षा पर भी सकारात्मक असर पड़ा है, क्योंकि अब उन्हें पानी लाने में समय नहीं लगाना पड़ता और वे नियमित रूप से स्कूल जा पा रही हैं।

## धर्मांतरण के विरुद्ध साय सरकार का वज्रपातः तिवारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य (संशोधन) विधेयक 2026' के पारित होने को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश तिवारी ने एक युगांतकारी निर्णय बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कानून राज्य की सांस्कृतिक अस्मिता और जनजातीय समाज की सुरक्षा के लिए 'अभय कवच' सिद्ध होगा।

शिव प्रकाश तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश की पावन धरा को कपटपूर्ण धर्मांतरण के दंश से मुक्त करने के लिए जो साहस दिखाया है, वह इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ लंबे समय से लोभ, लालच और भय के बल पर किए जा रहे धर्मांतरण की चुनौतियों से जूझ रहा था। विशेषकर जशपुर जैसे जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में बाहरी शक्तियों द्वारा हमारे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा था। यह विधेयक उन राष्ट्रविरोधी ताकतों पर एक निर्णायक प्रहार है। जनजातीय समाज की परंपराओं को अवैध धर्मांतरण से बचाने में यह कानून मील का पत्थर साबित होगा। कड़े प्रावधानः जबरन धर्म परिवर्तन कराने वालों के विरुद्ध कड़े दंड से असामाजिक तत्वों पर नकेल कसेगी। सांस्कृतिक गौरवः यह निर्णय प्रदेश के गौरवशाली अतीत और वर्तमान को सुरक्षित करने वाला है।



## भाजपा जिला कार्यसमिति की कुनकुरी में बैठक संपन्न

# संगठन विस्तार के साथ स्थापना दिवस व अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों पर जोर

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी जिला जशपुर की जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय मंगल भवन, कुनकुरी में आयोजित की गई। बैठक में 6 से 12 अप्रैल तक मनाए जाने वाले भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह तथा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।

1 बैठक को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, वहीं 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती को व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व 1 विधायक रोहित साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन की ताकत कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जमीनी जुड़ाव में निहित होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे प्रत्येक गांव और बूथ स्तर तक पहुंच बनाकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने स्थापना दिवस एवं अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को सामाजिक समरसता और संगठन विस्तार का महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए इसे पूरी ऊर्जा के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।




### जिला स्तर पर होगा समितियों का गठन

बैठक में यह भी बताया गया कि इन सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा तथा 22 अप्रैल तक सभी कार्यक्रमों का समन्वय एवं समीक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

### बस्तियों व छात्रावासों में विशेष संपर्क अभियान

जिला भाजपा उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव ने कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं के समक्ष कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को बाबा साहेब की प्रतिमा स्थलों पर स्वच्छता अभियान एवं दीप प्रज्वलन, 14 अप्रैल को माल्यार्पण, पुष्पांजलि, मिष्ठान वितरण तथा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही बस्तियों व छात्रावासों में विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने आगे जानकारी दी कि प्रत्येक जिला केंद्र पर 20 अप्रैल से पूर्व संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व, उनके योगदान तथा सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा होगी। साथ ही संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े विषयों पर भी संवाद किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में मुख्य रूप से जशपुर वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुशीला साय, जशपुर नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नपा उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, संतोष सहाय, संतोष सिंह, राजकपूर भगत, श्रीनायक मिश्रा, पिंकी गुप्ता, दिनेश चौधरी, अनिता सिंह, सरोजनी सिंह, रूपेश सोनी, शरद चौरसिया, देवधन नायक, असलम आजाद, उमेश यादव, दिलीप साहू, बॉबी ताम्रकार सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान से सम्मानित हुई सविता



**कांसाबेल।** मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अंलकरण योजना के तहत संभाग स्तरीय सरगुजा संभाग स्तर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवाओ के लिए यह पुरस्कार सविता राम प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल टांगर गांव कांसाबेल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं अंबिकापुर महापौर मंजूषा भगत द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य सविता राम को शाल, श्रीफल ,प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर शारदा अग्रवाल डाईट प्राचार्य ,सरगुजा संयुक्त संचालक संजय गुप्ता सभी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में दी गई जानकारी

**राजपुर।** भाजपा मंडल बरियों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सत्र का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती तथा कार्यकर्ता दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण का उद्घाटन सत्र जिला महामंत्री संजय सिंह द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति से अवगत कराया और सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रथम दिवस के पांचवें सत्र में जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल का आगमन हुआ, जिन्होंने संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर दिया। दूसरे दिन के प्रथम चरण में भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक अनुशासन और जनसंपर्क अभियान को तेज करने की बात कही। समापन सत्र में विधानसभा क्षेत्र की विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताया और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। प्रशिक्षण का संचालन एवं संपूर्ण व्यवस्था मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा विभिन्न मोर्चों के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे।

### नपा अध्यक्ष ने वन विभाग से की वन वाटिका में बच्चों के लिए झूला लगाने की मांग

**रामानुजगंज।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने शहर के वन वाटिका में बच्चों के लिए झूला एवं अन्य खेल सामग्री स्थापित किए जाने की मांग वन विभाग से की है। इस संबंध में उन्होंने वन विभाग से आवश्यक पहल करने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि रामानुजगंज स्थित वन वाटिका जिले के प्रमुख पिकनिक स्पॉटों में से एक है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग परिवार के साथ घूमने और समय बिताने के लिए पहुंचते हैं। खासतौर पर छुट्टियों और सप्ताहांत के दिनों में यहां भारी भीड़ देखी जाती है। बड़ी संख्या में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ वन वाटिका पहुंचते हैं। लोकप्रिय स्थल होने के बावजूद वन वाटिका में बच्चों के मनोरंजन के लिए पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। झूला, स्लाइडर या अन्य खेलकूद की सामग्री नहीं होने के कारण बच्चों को निराश होना पड़ता है। बच्चे किसी भी पिकनिक स्थल की रौनक होते हैं, लेकिन जब उनके लिए खेलने की व्यवस्था नहीं होती, तो उनका उत्साह कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि यहां झूला एवं अन्य खेल सामग्री स्थापित की जाती है, तो न केवल बच्चों को आनंद मिलेगा, बल्कि परिवारों के लिए यह स्थान और अधिक आकर्षक बन जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने वन विभाग से जनहित को ध्यान में रखते हुए वन वाटिका में बच्चों के लिए सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खेल उपकरण जल्द से जल्द लगाए जाने की मांग की है।

### देर रात कैफे होटल पुनः खोलने को लेकर विवाद युवकों ने व्यवसाई के साथ की मारपीट

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मोरभंज स्थित ट्री हाउस कैफे के संचालक अंबिकापुर मायापुर वार्ड नंबर 36 निवासी प्रार्थी फैज सिद्दीकी पिता फईयाज सिद्दीकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मंगलवार की रात करीब 8.30 बजे जब वह रोज की तरह अपना कैफे बंद कर रहे थे तभी दो युवक शुभम वैद्य और देव समद्दार कथित रूप से नशे में धुत्त होकर वहां पहुंचे। उन्होंने कैफे को दोबारा खोलने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। कैफे संचालक के मना करने पर गुस्से में आरोपियों ने गेट पर लात मारते हुए अश्लील गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। दोनों के बीच बहस होने के बाद प्रार्थी अपने भाई साकिब के साथ अपनी कार क्रमांक सीजी 15 डीजेड 7814 से घर के लिए निकल गया। तभी रास्ते में वही युवक उनकी कार का दोबारा पीछा करने लगे एवं ग्राम महावीरपुर संजयनगर में पिलखा ढाबा के पास गाड़ी रुकवाकर प्रार्थी कैफे संचालक एवं भाई के साथ मारपीट किये। रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने आरोपी शुभम वैद्य,देव समद्दार, आयुष समद्दार एवं अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## वर्षों से अधूरे पड़े हैं शैक्षिक एवं प्रशासनिक भवन, उधार के भवन में चल रहा यूटीडी

# नए सत्र से 25 विषयों का संचालन एसजीजीयू के लिए बना बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विवि शिक्षण विभाग में आगामी सत्र से 25 नए विषयों का अध्यापन प्रारंभ करने की स्वीकृति एसजीजीयू प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। अभी भी विश्वविद्यालय के अधिकांश भवन अधूरे पड़े हैं तथा विवि का शिक्षण विभाग भी प्रारंभ से ही उधार के भवन में संचालित हो रहा है।

**खास बात**

- 25 विषयों की कक्षाओं के लिए विवि के पास नहीं है भवन

संत गहिरा गुरू विवि पिछले दो वर्षों से शैक्षणिक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर दे रहा है। विवि प्रबंधन दो वर्षों से शासन से शैक्षणिक विभाग अंतर्गत नए विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग कर रहा था तथा इस संबंध में प्रस्ताव भी भेज रहा था। उच्च शिक्षा विभाग ने कुछ दिनों पूर्व ही नए शिक्षा सत्र से विभिन्न 25 विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की है। इधर विवि के अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मिल रहे आश्वासन बजट में अधूरे भवनों के निर्माण के लिए राशि मिलने की उम्मीद थी। राशि उपलब्ध होने पर तीन महीने में शैक्षिक विभागों का निर्माण पूरा कराया जा सकता था। अधूरे भवनों के पूर्ण होने से सभी शैक्षिक गतिविधियां संचालित करने में आसानी होती लेकिन बजट में अधूरे भवनों के लिए राशि उपलब्ध नहीं हो सकी। विवि को मात्र 4 करोड़ की अनुदान राशि मिली है जो कर्मचारियों के वेतन भत्ते के लिए निर्धारित है। हालत यह है कि विवि के भकुरा परिसर में अभी तक सभी अधिकारी-कर्मचारियों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं हो सकी है। एक अधूरे भवन में अस्थाई कक्षों का निर्माण कर प्रशासनिक कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। इस भवन में अभी तक कुलपति कक्ष का निर्माण नहीं हो सका है। कुलपति का कार्यालय अभी भी विवि के पुराने भवन में संचालित हो रहा है। हालांकि कुलपति आवश्यकतानुसार प्रशासनिक कार्यालय में भी नियमित बैठते हैं। अधूरे भवनों का निर्माण शीघ्र पूरा नहीं हुआ तो भविष्य में परेशानी विकराल बन सकती है तथा विवि परीक्षाएं संचालित करने अतिरिक्त अपने मूल कार्य शैक्षिक गतिविधियों में पिछड़ सकता है। वर्षों से चल रही उपेक्षा से अब विवि के अधिकारी-कर्मचारी हतोत्साहित हो रहे हैं तथा सभी को अपने भविष्य की चिंता सता रही है।



निर्माणाधीन शैक्षिक परिसर।

### छात्रावास के लिए मिले 6 करोड़

आदिवासी विकास विभाग ने हाल ही में एसजीजीयू को छात्रावास निर्माण के लिए 6 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। विभाग के तकनीकी अधिकारियों ने छात्रावास निर्माण के लिए स्थल का चयन भी कर लिया है। शासन द्वारा भी विवि के छात्रावास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है जो राशि के अभाव में पिछले चार सालों से अधूरा पड़ा है। आदिवासी विकास विभाग द्वारा शीघ्र छात्रावास का निर्माण शुरू कराने की तैयारियों में है। विवि प्रबंधन द्वारा प्रारंभ में छात्रावास का निर्माण हाल के रूप में कराने एवं भवन का उपयोग यूटीडी की कक्षाओं के लिए उपयोग करने की योजना बना रहा है।

### राशि के लिए विकल्पों की तलाश

एसजीजीयू के अधिकारी भवन की समस्या के निराकरण के लिए अन्य विकल्पों की तलाश में जुटे हैं। अधिकारी विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं से सीएसआर की राशि हासिल करने की पहल कर रहे हैं। इस संबंध में एक निजी वित्तीय संस्थान ने सीएसआर मद से 60x200 फीट वर्गमीटर का हाल निर्माण कराने के संबंध में पहल करने का आश्वासन दिया है। विवि प्रबंधन सीएसआर मद की राशि से नए भवनों का निर्माण कराने के उद्देश्य से अन्य उद्योगों के अधिकारियों से भी चर्चा कर रहा है।

### आजाक विभाग से भी उम्मीदें

आदिवासी विकास विभाग अनुसूचित जनजाति के विकास की दिशा में विभिन्न तरह के भवनों का निर्माण कराता है। सरगुजा संभाग में अनुसूचित जनजाति की बड़ी आबादी है साथ ही विवि में अध्ययन करने अधिकांश विद्यार्थी इसी समुदाय के हैं। आदिवासी विकास विभाग विवि की भवन संबंधी समस्याओं के निराकरण की दिशा में बड़ा मददगार साबित हो सकता है। विवि प्रबंधन ने इस उम्मीद में आजाक विभाग को स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, रूरल टेक्नोलॉजी के विभिन्न 40 विषयों के संचालन हेतु भवन, प्रयोगशाला के लिए कम्प्यूटर एवं आर्यावर्त संग्रहालय एवं रिसर्च सेंटर का भवन निर्माण हेतु 80 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है।

### तलाश रहे विकल्प

नए सत्र से 25 विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करना विवि के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। विवि के सभी शैक्षिक एवं प्रशासनिक भवन वर्षों से अधूरे पड़े है। यूटीडी के विभाग एक स्कूल भवन में संचालित हो रहे हैं। भवन की व्यवस्था के लिए विकल्पों को तलाशा जा रहा है। कुछ संस्थानों से सीएसआर मद की राशि के लिए चर्चा की जा रही है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

## अभयारण्य क्षेत्र में चल रहे निर्माण का भुगतान अटका, कार्यालय में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

तमोर पिंगला अभ्यारण्य में कथित घोटाले और अनियमितताओं को लेकर पहले से उठ रहे सवालों के बीच अब एक नया और गंभीर मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक अभ्यारण्य क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच कमीशन को लेकर विवाद चल रहा है, जिसने अब सार्वजनिक रूप ले लिया है।

बताया जा रहा है कि कार्य कराने वाले पक्ष द्वारा लगभग 18 प्रतिशत तक कमीशन देने की सहमति जताई जा रही है, जबकि उच्च स्तर पर 30 प्रतिशत तक की मांग की जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर कार्यालय परिसर में खुलेआम विवाद, बहस की स्थिति बन गई है, जिससे विभाग की कार्यशैली और अनुशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस विवाद का सीधा असर निर्माण कार्यों और उससे जुड़े श्रमिकों पर भी पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कमीशन को लेकर सहमति नहीं बनने के कारण कई कार्यों का भुगतान अटका हुआ है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों में असंतोष और हताशा का माहौल बन गया है। कई स्थानों पर श्रमिकों को समय पर मजदूरी नहीं मिलने से आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी तमोर-पिंगला क्षेत्र में पेड़ों की कटाई, निर्माण कार्यों में अनियमितता और कैम्पा फंड के उपयोग को लेकर गंभीर आरोप लग चुके हैं। वर्ष 2020 से 2024 के बीच विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए गए थे। इन मामलों में शिकायत भी की गईं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों का भरोसा डगमगाने लगा है। इसी बीच हाथी रेस्क्यू सेंटर से जुड़ा एक और मामला सामने आया है, जिसमें लाखों रुपये के खर्च को लेकर फर्जीवाड़े के आरोप लगाए जा रहे हैं। यहां भोजन और देखरेख से जुड़ी व्यवस्था कागजों में तो पूरी दिखाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर वास्तविक स्थिति अलग हो सकती है। यदि यह आरोप सही साबित होते हैं, तो यह मामला और भी गंभीर रूप ले सकता है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने तमोर पिंगला अभयारण्य को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। जहां एक ओर पहले से लंबित जांच पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं अब नए आरोपों ने पूरे मामले को और जटिल बना दिया है।

### होगी कड़ी कार्रवाई

मै वर्तमान में बाहर हूं, लेकिन वापस लौटते ही पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो संबंधितों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

-विजय भूषण केरकेट्टा, एसडीओ

## हाथी प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग ने निगरानी और जागरूकता अभियान तेज कर दिया है।

- 7 हाथियों का दल कर रहा विचरण

मंगलवार की शाम राजपुर उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव एवं नव पदस्थ वन परिक्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने वन कर्मचारियों और हाथी मित्र दल के साथ बीट रेवतपुर अंतर्गत ग्राम खोखनिया तथा प्रतापपुर रेंज के खडगवांकला के सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में विचरण कर रहे 7 जंगली हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद किया और संभावित खतरे को देखते हुए आवश्यक सावधानियां बरतने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक हाथियों का दल क्षेत्र में मौजूद है, तब तक कोई भी व्यक्ति जंगल की ओर महुआ बीनने, लकड़ी या पत्ता तोड़ने के लिए न जाए। ऐसा करने से जान-माल का खतरा बढ़ सकता है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि हाथियों का व्यवहार अनिश्चित होता है, इसलिए उनसे दूरी बनाए रखना ही सबसे सुरक्षित उपाय है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों और राहगीरों को यह भी समझाया कि यदि हाथी गांव के नजदीक दिखाई दें या ग्रामीण क्षेत्र की ओर बढ़ें तो तुरंत वन विभाग के कर्मचारियों या हाथी मित्र दल को सूचना दें। इसके अलावा उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव एवं वन परिक्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने वन कर्मियों तथा हाथी मित्र दल के साथ कई ग्राम पंचायतों खोखनिया, रेवतपुर, परसवार कला और धंधापुर में जन चौपाल लगाई।

वन विभाग ने ग्रामीणों से आह्वान किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी स्थिति में हाथियों को उकसाने या भगाने का प्रयास न करें। विभाग ने आश्वस्त किया कि हाथी दल की लगातार निगरानी की जा रही है और कर्मचारियों को क्षेत्र में तैनात किया गया है, ताकि ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## सीढ़ी से गिरी किशोरी की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर के आंगन में सीढ़ी लगाकर लिपाई कर रही किशोरी अचानक नीचे गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुई किशोरी की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ओड़गी अंतर्गत ग्राम कर्री निवासी रविना सिंह आ. सहदेव सिंह (15 वर्ष) 28 मार्च को घर के आंगन में सीढ़ी लगाकर दीवार में लिपाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक सीढ़ी से नीचे गिर गया जिससे अचेत हो गई। कुछ समय बाद होश आने पर परिजन ने घर में ही इलाज कराना शुरू कर दिया। 30 मार्च को जिला चिकित्सालय में जांच कराई तो एक्स-रे रिपोर्ट देने पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी वहीं तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात किशोरी की मौत हो गई।

## नई राशन दुकान की मांग, नेता प्रतिपक्ष ने जिला खाद्य अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रतीक सिंह ने क्षेत्र में राशन वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर जिला खाद्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नगर क्षेत्र में नई राशन दुकानों के संचालन की आवश्यकता बताते हुए नागरिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है।

सौंपे गए ज्ञापन में प्रतीक सिंह ने उल्लेख किया है कि नगर पालिका क्षेत्र में वर्तमान में मात्र दो राशन दुकानों के माध्यम से हजारों राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। दुकानों की संख्या कम होने के कारण हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई राशन कार्डधारी 1 से 2 महीनों तक का समय पर राशन नहीं ले पा रहे हैं। राशन दुकानों में लंबी कतारें, अत्यधिक भीड़-भाड़ और वितरण में विलंब आम बात हो गई है जिससे बुजुर्ग, महिलाएं, व्यापारी एवं श्रमिक वर्ग को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोगों को सुबह से लेकर देर रात तक राशन के लिए इंतजार करना पड़ता है, इसके बावजूद उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। नगर में वर्तमान व्यवस्था लोगों की जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम नहीं है। राशन जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को इतनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक 2 से 3 वार्डों के बीच एक नई राशन दुकान खोली जाए जिससे न केवल वितरण व्यवस्था सुचारू होगी, बल्कि नागरिकों को समय पर और आसानी से राशन उपलब्ध हो सकेगा। यदि नई राशन दुकानों की स्थापना की जाती है, तो इससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी और शासन की योजनाओं का लाभ सही तरीके से पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सकेगा।

## श्रीराम मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन के साथ शिखर कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



नगर के रंगमंच स्थित लगभग 60 वर्ष पुराने हनुमान मंदिर के पुनर्निर्माण व कायाकल्प का लिया गया। संकल्प के दो वर्ष की अवधि में पूर्ण होने पर भव्य व आकर्षक स्वरूप तथा राजस्थान के पत्थरों की कलात्मक स्थापत्य कला से हनुमान मंदिर के नवनिर्माण पूर्ण हुआ। मंदिर के शिखर कलश पूजन समारोह का भव्य धार्मिक अनुष्ठान बुधवार को श्रीराम मंदिर से भव्य कलश यात्रा व शिखर कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। धार्मिकमय हुए वातावरण में बजरंग बली के जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने शिरकत की और महिलाओं ने उत्साहपूर्ण वातावरण में कलश लेकर नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर पहुंच कलश अर्पण किया। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिखर कलश स्थापना का धार्मिक अनुष्ठान आचार्य राम सुवन त्रिपाठी व पप्पू महाराज के सानिध्य सहित ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार,भजन कीर्तन व पूजा अर्चना के साथ हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों ने पूजा अर्चना की और रखी गई आधारशिला के उपरांत आज निर्माण कार्य पूर्ण होने पर देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए मंदिर नगर वासियों को समर्पित किया। हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व समारोह पूर्वक शिखर कलश पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर निर्माण समिति व मारूति सेवा समिति के अजय अग्रवाल, आशा अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सोमिल अग्रवाल, अंकुर गर्ग, स्वाति गर्ग, राहुल अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल, अमित तायल, रानी तायल सपत्नीक व कान्हा जिंदिया तथा उर्मिला देवी अग्रवाल अंबिकापुर जजमान के रूप में धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण किया। श्रीराम मंदिर से निकली विशाल शोभायात्रा मुख्य मार्ग होते हुए अग्रसेन चौक में पूजा अर्चना के उपरांत केतका रोड होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। उक्त धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में मंदिर समिति से जुड़े सदस्य सक्रिय रहे।

### आज श्री हनुमान जन्मोत्सव का होगा आयोजन

2 अप्रैल की सुबह पूजा-अर्चना, हवन, आरती के उपरांत दोपहर में बजरंग बली का विशाल भंडारा-प्रसाद आयोजित है। उसके उपरांत बजरंग दल की अगुवाई में भव्य व दिव्य झांकी के साथ शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी। शाम को सुंदरकांड पाठ के साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ का सामुहिक धार्मिक आयोजन होगा। रात्रि में नवयुवक दुर्गा मंडल व बाहर के भक्तिरस कलाकारों द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी।

## केशवनगर के सबस्टेशन में चोरों का धावा, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



केशवनगर स्थित 220 केवी विद्युत उपकेंद्र में मंगलवार देर रात चोरों ने घुसकर चोरी का प्रयास किया लेकिन कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से उनकी कोशिश नाकाम हो गई। इस दौरान एक आरोपी युवक को मौके पर ही पकड़ लिया गया जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है।

- सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता से चोरी की कोशिश नाकाम हुई

प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 8 से 10 की संख्या में चोर देर रात करीब 1.45 बजे उपकेंद्र की फेंसिंग काटकर परिसर में दाखिल हुए और वहां रखे कॉपर केबल चोरी करने का प्रयास करने लगे इसी दौरान कर्मचारियों को आहट सुनाई दी जिसके बाद उन्होंने शोर मचाकर चोरों को खदेड़ा। सभी आरोपी मौके से फरार हो गए लेकिन एक युवक को मौके पर पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान कृष्णा साहनी (23 वर्ष) निवासी बाजारपारा भटगांव के रूप में हुई है। प्राइवेट ऑपरेटर अवधेश सोनवानी की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और घटना में शामिल अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी का ससुराल शिवनंदनपुर में है और वह भटगांव से आकर इस वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने अन्य चोरी की घटनाओं के बारे में भी अहम सुराग मिलने की उम्मीद जताई है।

## नुनेरा टीम ने फुटबॉल प्रतियोगिता पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला



ग्राम पंचायत गुमगरा कला में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच नुनेरा उदयपुर और गुमगरा कला लखनपुर के मध्य खेला गया जिसमें नुनेरा टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुमगरा कला की टीम को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। विजेता टीम को मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती नीतू धर्मेन्द्र झारिया ने 17 हजार रुपए नगद और शील्ड तथा उपविजेता टीम को 12 हजार रुपए नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया। फाइनल मैच में 2 गोल करने वाले नुनेरा टीम के खिलाड़ी को जनपद सदस्य नीतू धर्मेन्द्र झारिया द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य नीतू धर्मेन्द्र झारिया ने कहा कि खेल में हारजीत लगा रहता है। हार से निराश नहीं होना चाहिए। हार अच्छे से खेलने के लिए प्रेरित करता है और खिलाड़ियों को हार को जीत में बदलने के लिए बेहतर तैयारी करना चाहिए। सरपंच श्रीमती कलावती उर्रे, पूर्व जनपद सदस्य धर्मेन्द्र कुमार झारिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश साहू और आभार प्रदर्शन लोकनाथ उर्रे द्वारा किया गया।

इस दौरान शिवप्रताप उर्रे, राजन राम, गुड्डू सिंह, गोलू साहू, मनोज श्याम, सुभाष राजवाड़े, ओम प्रकाश साहू, घुरवा पैकरा, अजीमल मरावी, शिव भरोस पैकरा, मदन सिंह पैकरा, शिवलाल साहू, कपूर साहू, फुटबॉल प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष ईश्वर उर्रे, उपाध्यक्ष कपिल सिंह, सचिव सोना खंड, गौरी शंकर साहू, ज्ञान प्रसाद यादव, सुशील सिंह, भागीरथी यादव, बालगोविंद यादव, अभिमन्यु सिंह, अमर सिंह, राजेंद्र सिंह, काशी पैकरा, भरत यादव, बुद्ध सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प हुआ पूरा, भाजयुमो ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि


**अम्बिकापुर।** प्रदेश संगठन के अह्वान पर भाजयुमों ने मंगलवार को देर शाम नक्सली हमलों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों, समर्पित जनसेवकों और निर्दोष नागरिकों की स्मृति में एक दीप शहीदों के नाम श्रद्धांजलि एवं दीपदान का आयोजन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में भाजयुमों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने जयस्तंभ चौक पर प्रदेश में नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प पूरा होने की खुशी में देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन किया एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिकेश केशरी, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री फुलेश्वरी सिंह, जिला उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय, जिला महामंत्री अरूणा सिंह, जन्मेजय मिश्रा, मनोज गुप्ता, कमलेश तिवारी, प्रिया सिंह, निशांत सिंह शोलू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सुरक्षाकर्मियों को मिली पदोन्नति

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत आधा दर्जन सुरक्षा कर्मियों को पदोन्नति का लाभ प्राप्त हुआ है। बिश्रामपुर क्षेत्रीय मुख्यालय में पदस्थ सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक दिनेश कुमार एवं पवन शर्मा पदोन्नति के बाद सुरक्षा उपनिरीक्षक बनाए गए हैं,इसी कड़ी में वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरी यशपाल, सरफराज, आत्मा, धर्मेंद्र साहू प्रधान सुरक्षा प्रहरी नियुक्त किए गए है। पदोन्नति के बाद भी ये सब इसी क्षेत्र में अपनी सेवा देंगे,बुधवार को इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने पदोन्नत सुरक्षा उपनिरीक्षक दिनेश कुमार और पवन शर्मा के कंधे पर स्टार लगा दोनों कर्मियों को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर एरिया सेफ्टी ऑफिसर बेचन सिंह,एरिया पर्सनल मैनेजर एसकेपी शिंदे एवं सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण उपस्थित रहे।





## सच्चाई और झूठ के बीच की लाइन होती जा रही धुंधली : अमिताभ

**मुंबई।** 83 साल की उम्र में भी अमिताभ बच्चन लगातार फिल्में कर रहे हैं। बिग बी ने हाल ही में बताया कि उनकी 'कल्कि 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं ,अब उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ब्लॉग पोस्ट किया है, जो हर किसी को सरप्राइज कर रहा है। बिग बी ने अपने इस ब्लॉग में बताया कि जब लोग उनसे पूछते हैं कि आप इतनी मेहनत क्यों करते रहते हैं, तो अमिताभ बच्चन का जवाब बहुत सीधा होता है- 'क्यों नहीं?' अमिताभ बच्चन ने आज की दुनिया के बारे में भी लिखा। उन्होंने लिखा कि आज जानकारी इतनी ज्यादा हो गई है कि सच्चाई और झूठ के बीच की लाइन धुंधली होती जा रही है।' बिग बी की इस पोस्ट ने फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

लाइफStyle

# मोना

## मां का सम में दिखाएंगी सिंगल मदर्स का नया रूप

एक्ट्रेस मोना सिंह हाल ही में रिलीज हुई क्राइम थ्रिलर 'सूबेदार' में नजर आई थीं। अब वो नई सीरीज 'मां का सम' में नजर आने वाली हैं। माफिया क्वीन बनने के बाद अब वो एक सिंगल मदर के रोल में नजर आएंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मोना ने हाल ही में अपने इस रोल की खासियत बयां की। अपने किरदार का जिक्र करते हुए मोना ने कहा, 'मैंने पहले भी मां के किरदार निभाए हैं, लेकिन विनीता मुझे काफी अलग लगी। उसे उस परफेक्ट और त्याग करने वाली मां की तरह नहीं लिखा गया है, जैसा हम कई साल से देखते आ रहे हैं। काफी समय से हमने मांओं को एक ऊंचे दर्जे पर बिठा दिया है, जहां उनकी पूरी पहचान बस त्याग और बलिदान तक सिमट कर रह जाती है।'मोना ने आगे कहा, 'मेरा किरदार विनीता इसी सोच को तोड़ती है। वो एक मां है, लेकिन एक ऐसी औरत भी है जिसकी अपनी अलग जिंदगी, अपनी पसंद और अपनी इच्छाएं हैं। उसे साथ की तलाश है, वो डेटिंग के लिए तैयार है और अपनी शर्तों पर चीजें समझ रही है। यही ईमानदारी मुझे इस किरदार की तरफ खींच ले गई। यह बहुत असली और आज के दौर का किरदार लगा।' अपने किरदार पर विस्तार से चर्चा करते हुए मोना ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह किरदार बहुत जरूरी है, खासकर युवा दर्शकों के लिए। इसे देखने के बाद वो अपनी मांओं को सबसे पहले एक इंसान के तौर पर देखेंगे। उनके भी सपने होते हैं, भावनाएं होती हैं और माता-पिता होने के अलावा भी एक अपनी जिंदगी होती है।



## हॉलीवुड मसाला



## क्रिप्टो को बचाने के खातिर लड़ेगी सुपरगर्ल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'सुपरगर्ल' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया है। इस बार सुपरगर्ल अपने सबसे करीबी दोस्त की जिंदगी के लिए लड़ती नजर आएगीं। 'सुपरगर्ल' के फैंस का इंतजार अब खत्म हो चुका है। मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 2 मिनट 56 सेकंड के इस ट्रेलर में सुपरगर्ल खतरों के बीच लड़ती और खुद को खोजती नजर आएंगी। हॉलीवुड फिल्म 'सुपरगर्ल' का ट्रेलर मंगलवार देर रात रिलीज किया गया। इसकी शुरूआत सुपरगर्ल और सुपरमैन के बीच बातचीत से होती है, जिसमें सुपरमैन पूछता है कि सुपरगर्ल कब वापस लौटेगी?




## हाथ मिलाना पड़ा महंगा प्रोजेक्ट से हुईं बाहर...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री डकोटा जॉनसन अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने एक ऑडिशन से जुड़ा हैरान कर देने वाला किस्सा सुनाया है। उनके मुताबिक एक बार वह एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई थीं। उनके शिष्टाचार वाली बात की वजह से उन्हें प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कैसे वह कमरे में गईं और टीम का अभिवादन किया। इस बात को वह एक सामान्य बातचीत मान रही थीं। हालांकि, यह दूसरे पक्ष के लिए असामान्य बात थी। उस पल को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं कमरे में गई, मैंने सबसे हाथ मिलाया और अपना परिचय दिया। सीन पूरा करके वहां से निकलने के बाद मुझे पता चला कि इस तरीके को उस तरह से नहीं लिया गया जैसा मैंने सोचा था। इस पर मिली प्रतिक्रिया काफी अजीब थी।'



## 14 साल लड़ाई के बाद भी इंसाफ नहीं

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेत्री अनीता आडवाणी की वह अपील खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने दिवंगत सुपरस्टार राजेश खन्ना के साथ अपने रिश्ते को शादी जैसा रिश्ता मानते हुए कानूनी दर्जा देने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने डिंडोशी कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। फैसले के बाद एक बातचीत में अनीता बेहद आहत और भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले को कई साल दिए पर उनकी बात कभी ठीक से सुनी ही नहीं गई। अनीता ने कहा कि लिव-इन और शादी जैसे संबंधों के मामलों में महिलाओं के लिए न्याय पाना बेहद मुश्किल है। मेरे साथ भी यही हुआ। पहले मुझे उस घर से बाहर किया गया, फिर 14 साल तक लड़ती रही और फिर भी इंसाफ नहीं मिला। सबसे बड़ा दुख यही है कि मुझे अपनी बात साबित करने का मौका ही नहीं दिया गया।



## शराब पीने वालों के साथ काम नहीं करता

**नई दिल्ली।** अभिनेता, निर्माता और लेखक विवेक वासवानी ने सुपरस्टार सलमान खान को कई खुलासे किए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि पत्थर के फूल के बाद उन्होंने दोबारा क्यों सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ काम नहीं किया? हालांकि, उन्होंने कुछ खास परिस्थितियों में सुपरस्टार के पेशेवर रवैये की सराहना भी की। विवेक वासवानी ने डिसिप्लिन, क्रिएटिव प्रोसेस और सलमान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर बात की। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें सलमान के साथ दोबारा काम करने का मन नहीं हुआ, तो वासवानी ने साफ कहा, 'नहीं हुआ।' उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसी जगह काम नहीं कर सकता, जहां शराब हो। मैं ऐसी जगह काम नहीं कर सकता, जहां लोग शराब पीते हों और अनुशासनहीनता के साथ काम करते हों।

## टीवी मसाला



## शिल्पा के शो भाभीजी घर पर हैं 2.0 बंद हो रहा...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन का सबसे फेमस सिटकॉम 'भाभी जी घर पर हैं 2.0 ' का कुछ महीने पहले ही प्रीमियर हुआ था। इसमें अंगूरी भाभी शिल्पा शिंदे की वापसी हुई थी, लेकिन अब शो बंद होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'भाभी जी घर पर है! 2.0' के बंद होने की संभावना &टीवी में हो रहे बड़े बदलावों के कारण है, जिसके तहत कंपनी नए कंटेंट मेकिंग बंद करने की प्लानिंग कर रही है। शो से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शो के कलाकार और क्रू 5 अप्रैल को अपना आखिरी एपिसोड शूट करेंगे। एंड टीवी के मई 2026 से सशुल्क री-रन चैनल बनने की उम्मीद है। यह बदलाव नए प्रबंधन के कार्यभार संभालने के बाद लागू होगा, जो चैनल की रणनीति में बदलाव की प्लानिंग करेगा। आने वाले हफ्तों में, चैनल नए शो पर ध्यान देना बंद कर देगा और पुराने कार्यक्रमों का ही प्रसारण करेगा। इसका सीधा असर चैनल पर चल रहे मौजूदा शो पर पड़ेगा। चैनल के सबसे फेमस और लंबे समय तक चलने वाले शो में से एक 'भाभीजी घर पर हैं!' के बहुत सारे फैंस हैं, ये अब बंद होने वाला है। खबरों के मुताबिक, इस बड़े बदलाव के तहत 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' भी बंद हो जाएगा और शो का आखिरी एपिसोड 16 अप्रैल को प्रसारित होने की उम्मीद है। इससे पहले मीडिया में ऐसी अटकलें थीं कि 'भाभीजी घर पर हैं! 2.0' ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर शिफ्ट हो जाएगा। खबरों के अनुसार, 'भाभीजी घर पर हैं!' किसी दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के बजाय बंद हो जाएगा।

### तारक मेहता में कभी नहीं आएंगी दयाबेन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिसेज सोढ़ी का किरदार निभाने वालीं जेनिफर मिस्त्री ने दयाबेन के किरदार और दिशा वकानी की वापसी को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। जेनिफर का कहना है कि दिशा वकानी कभी भी शो में वापसी नहीं करेंगी और उनके कमबैक की जो खबरें आती रहती हैं, मेकर्स जो उनके आने की बात कहते हैं, वह सब मार्केटिंग स्ट्रैटेजी है। जेनिफर मिस्त्री अब 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने 15 साल तक शो का हिस्सा रहने के बाद 2023 में इसे छोड़ दिया था। बाद में जेनिफर मिस्त्री ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन आरोप लगाए थे। वहीं, दिशा वकानी ने 2017 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ा था, और तबसे उन्होंने शो में वापसी नहीं की है। तब से अभी तक 10 साल बीत चुके हैं, पर दिशा वकानी की कमबैक की खबरें आती रहती हैं।



## कर्ज में डूबे दोस्त के लिए रफी ने फ्री में गाए थे 52 साल पुरानी फिल्म के गाने

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय गायकों में मोहम्मद रफी का नाम भी शामिल रहता है। बेशक रफी साहब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा गाए गए शानदार गीतों को आज भी श्रोता सुनना पसंद करत हैं। यूं तो सिनेमा जगत में मोहम्मद रफी से जुड़े कई रोचक किस्से मौजूद हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक फिल्म ऐसी भी, जिसके लिए रफी साहब ने फ्री में गाने गाए थे। बात 1971 की है, जब सुपरस्टार जॉय मुखर्जी फिल्म लव इन बॉम्बे बना रहे थे। इस मूवी के लिए जॉय ने अपनी सारी पूंजी लगा दी। लेकिन, उनको सबसे झटका तब लगा, जब फिल्म पूरी बनने के बाद डिब्बा बंद हो गई और जॉय मुखर्जी की आर्थिक हालत खराब होने लगी। इस बुरे वक्त में मोहम्मद रफी ने अपने दोस्त जॉय का साथ दिया। रफी साहब न सिर्फ एक महान सिंगर थे, बल्कि इंसानियत का फरिश्ता भी माने जाते थे। उन्होंने लव इन बॉम्बे के लिए फ्री में गाने गाए और कर्ज में डूबे अपने दोस्त का साथ दिया। इस मूवी का रानी नाचो... रफी साहब ने बिना कोई रकम लिए गाया था।*



### दोस्ती की अनोखी मिसाल

कहा जाता है कि उन्होंने जॉय मुखर्जी से साफ कह दिया था कि फिल्म के गाने एक शर्त पर ही गाऊंगा कि मुझे तुमसे पैसे नहीं चाहिए। ये सुनकर जॉय की आंखें भर आई थीं और वह समझ गए थे कि सच्चा दोस्त ही बुरे वक्त में साथ देता है। इस तरह से मोहम्मद रफी ने सिनेमा जगत में दोस्ती की अनोखी मिसाल कायम की।

### 40 साल बाद रिलीज हुई थी लव इन बॉम्बे

मोहम्मद रफी के फ्री गाने और तमाम संघर्षों के बाद भी जॉय मुखर्जी की राह आसान नहीं हुई। उनकी फिल्म लव इन बॉम्बे करीब 40 साल बाद जाकर सिनेमाघरों में रिलीज हो पाई थी। हालांकि, तब तक न तो रफी साहब रहे और न ही जॉय अपनी मूवी को रिलीज होते ही देख पाए। लेकिन मोहम्मद रफी साहब की दरियादिली के लिए जॉय की इस मूवी को आज भी याद किया जाता है।

## गोल्डन टेंपल के दर्शन करके हुईं भावुक



*नई दिल्ली। इन दिनों देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड गलियारों को छोड़कर अमृतसर की गलियों में नजर आ रही हैं। मंगलवार को वह गोल्डन टेंपल भी दर्शन करने पहुंची थीं। मंदिर के दर्शन करने के बाद प्रियंका ने वहां पर सेवा भी की। बुधवार को अपनी गोल्डन टेंपल की यात्रा से जुड़ी कुछ खास तस्वीरें प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इस पावन स्थान पर पहुंचकर उन्हें अपने दिवंगत पिता की भी बहुत याद आई। अपनी पोस्ट में प्रियंका ने अपने पिता को भी याद किया है। देखें प्रियंका चोपड़ा द्वारा साझा की गई तस्वीरें। गोल्डन टेंपल के सामने खड़े होकर प्रियंका चोपड़ा ने कई तस्वीरें ली हैं। साथ ही एक तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा, 'पापा आपके बारे में ही सोच रही हूं।'आगे वह गुरुद्वारा कमेटी का भी आभार व्यक्त करती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने बहुत ही सहजता से गोल्डन टेंपल के दर्शन किए थे। प्रियंका चोपड़ा ने गोल्डन टेंपल के अंदर की भी कई तस्वीरें साझा की हैं। वह सिंपल सूट-सलवार में स्वर्ग मंदिर के गलियारे में नजर आ रही हैं। सोने से जड़े हुए मंदिर की भी अलग-अलग जगह से तस्वीरें एक्ट्रेस ने पोस्ट की हैं। साथ ही एक बुजुर्ग निहंग सिख की फोटो भी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर शेयर की है।*

## पहले तीन महीने में बॉलीवुड ने कुछ कमाल की फिल्में की हैं रिलीज

# ये हैं 2026 की अब तक पांच सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में

*नई दिल्ली। साल 2026 की शुरुआत सिनेमालवर्स के लिए शानदार हुई है। पहले तीन महीने में बॉलीवुड ने कुछ कमाल की फिल्में रिलीज की हैं। इन फिल्मों में सबसे ज्यादा चर्चा रणवीर सिंह की धुरंधर 2 की हो रही है। धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर भी कमाल कर रही है। इस साल की अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधर 2 है। धुरंधर 2 की आंधी के बीच हम आपको बता रहे हैं साल 2026 की भारत में अबतक की पांच सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में।*



**धुरंधर: द रिवेंज :** आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर 2 ने अबतक (01 अप्रैल, 12 बजे तक) 903.22 करोड़ की कमाई कर ली है। रणवीर सिंह की ये फिल्म इस साल की अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ा है। फिल्म में सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, आर माधवन और संजय दत्त जैसे कलाकार नजर आए हैं। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.6 है। फिल्म 19 मार्च को रिलीज हुई थी।



**बॉर्डर 2 :** लिस्ट में दूसरे नंबर पर सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म बॉर्डर 2 है। इस वॉर ड्रामा फिल्म को अनुराग सिंह ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 23 जनवरीको रिलीज हुई थी। फिल्म ने 362.76 करोड़ की कमाई की है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.4 है।



**ओ रोमियो :** लिस्ट में तीसरे नंबर पर शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो है। फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को विशाल भारद्वाज ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की कमाई की बात करें तो फिल्म का भारत में कलेक्शन 83.35 करोड़ है। ओ रोमियो की आईएमडीबी रेटिंग 5.6 है।



**मर्दानी 3 :** लिस्ट में चौथे नंबर पर रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 है। फिल्म को अभिराज मीनावाला ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने भारत में 52.99 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.9 है।




**द केरल स्टोरी 2 :** लिस्ट में पांचवे नंबर पर कामाख्या नारायण सिंह की फिल्म दे केरल स्टोरी 2 है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 5.3 है। फिल्म ने भारत में 51.92 करोड़ की कमाई की है। फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

**खबर संक्षेप**

### 4 अप्रैल से बहेरामार में श्रीमद् भागवत कथा

**कुडेकेला।** छाल तहसील अंतर्गत ग्राम बहेरामार में श्रीकृष्ण चंद्र भगवान एवं राधा रानी की असीम कृपा से 4 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम का शुभारंभ 4 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जिसके पश्चात कथा का विधिवत प्रारंभ होगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। 5 अप्रैल को महाभारत कथा, परीक्षित श्राप एवं सुखदेव के आगमन का प्रसंग, 6 अप्रैल को सती प्रसंग एवं ध्रुव चरित्र, 7 अप्रैल को वामन अवतार, राम अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई जाएगी। इसी क्रम में 8 अप्रैल को बाल लीला, माखन लीला एवं गोवर्धन पूजा, 9 अप्रैल को रासलीला, कबंध प्रसंग एवं रुक्मिणी कृष्ण मंगल विवाह का आयोजन होगा। 10 अप्रैल को अन्य विवाह प्रसंगों के साथ सुदामा चरित्र का वर्णन कर कथा को विश्राम दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन 11 अप्रैल को फूलों की होली, गीता पाठ एवं हवन के साथ इस पावन आयोजन का समापन किया जाएगा। इस आयोजन में व्यास पीठ पर पूज्य रमाकांत महाराज एवं उनके सहयोगी अमित महाराज जी कथा का वाचन करेंगे। समस्त ग्रामवासी बहेरामार इस आयोजन में सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रहे हैं।

### चोरों ने 1 ही दिन में 8 बोर के केबल कर दिया पार



**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदात बढ़ गई है। सरकारी राशन दुकानों से राशन सामग्री के बाद खेतों से बोर पंप के केबल चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में बुधवार को पुसौर सोसायटी अध्यक्ष जन जागरण मंच में बोर से चोरी हुए केबल का मामला सामने आया। उन्होंने बताया कि पुसौर के अलग-अलग क्षेत्रों के किसान हरिहर साव, बलराम संवरा, शुकु गुप्ता, जयराम संवरा, जनकराम, पालु गुप्ता, ध्वजाराम संवरा तथा कुछ अन्य किसानों के बोर पंपों का केबल एक ही दिन में चोरी हो गया है। इससे किसानों की परेशानी और दहशत बढ़ गई है। इस चोरी का रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं हुआ है।

### कलेक्टर ने किया ट्रेजरी के वित्तीय रिकॉर्ड चेक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने ट्रेजरी का निरीक्षण किया। भौतिक सत्यापन 31 मार्च की स्थिति में किया। छग कोषालय संहिता भाग एक के सहायक नियम 39 के अनुसार यह निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें स्टाम्प टिकट, रेवेन्यू टिकट, कोर्ट टिकट आदि स्टाम्प तथा बहुमुल्य वस्तुओं का भौतिक सत्यापन किया गया और लगभग कई वित्तीय रजिस्टर में कलेक्टर ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कोषालय अधिकारी उत्तम तुरकाने, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार सिन्हा, सहायक कोषालय अधिकारी हरिराम पटेल, सहायक ग्रेड 1 एस के साहू, खजाना प्रभारी उपस्थित थे।

### 2 अप्रैल को इन ग्रामों में होगा राजस्व शिविर

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के दिशा निर्देश पर 2 अप्रैल को राजस्व शिविर सारंगढ़ तहसील के उलखर, पिण्डरी बापा, कौवाताल, धौराभांठा, बरमकेला तहसील के ग्राम कपरतुंगा, तौसीर, लेन्धरा, सेमीकोट, लोधिया, अमेरी, कंठीपाली, दुलोपाली, झाल, सरिया तहसील के ग्राम छुवारीपाली, कंचनपुर, बोंदा, महाराजपुर, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम कैथा, धनसीर, भटगांव तहसील के ग्राम बोड़ा, सिंघीचुंवा, नवापारा, जुनवानी, सलिहाघाट, सरसींवा तहसील के ग्राम पिपरभावना, कोसमकुण्डा, सरधाभाठा, सरसीवा, बिलासपुर, गाताडीह, सोहागपुर, चोरभटठी और कोसीर उप तहसील के ग्राम सिंघनपुर में किया जाएगा, जहां राजस्व कार्य जैसे सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका आदि का निराकरण होगा।

**हेल्पलाइन, मातृ-शिशु देखभाल, सर्पदंश प्रबंधन से लेकर आधुनिक स्वास्थ्य ढांचे तक-हर स्तर पर मिल रहा लाभ**

# सुदूर वनांचल में स्वास्थ्य क्रांति, नवाचार और सुविधाओं से बदल रही तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सुदूर वनांचल एवं अनुसूचित जिला जशपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के उद्देश्य से संचालित “आरोग्य जशपुर अभियान”एक व्यापक और प्रभावी पहल के रूप में उभरकर सामने आया है।

भौगोलिक चुनौतियों एवं सीमित संसाधनों के बावजूद जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक सुव्यवस्थित रोडमैप के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत न केवल गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक पहुंच रही हैं, बल्कि नवाचारों को राज्य स्तर पर भी सराहना मिल रही है। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में नियमित रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा भी करते है। जिले में शुरू की गई स्वास्थ्य मितान हेल्पलाईन 07763-299030 आमजन के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। इस निःशुल्क सेवा के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक 3180 से अधिक कॉल प्राप्त कर सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें 5 मिनट के भीतर रिस्पांस दिया जाता है और प्रत्येक कॉल पर 1 से 3 फॉलोअप सुनिश्चित किया जाता है। ओला-उबर की तर्ज पर एम्बुलेंस ट्रैकिंग लिंक उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों बढ़ी हैं।



### विशेष पिछड़ी जनजाति तक पहुंच

पीवीटीजी समुदायों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष पिछड़ी जनजाति सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है। आदिवासी महिलाओं द्वारा संचालित हेल्पडेस्क स्थानीय भाषा में संवाद कर जागरूकता बढ़ा रहा है। इस पहल से 1450 से अधिक मरीजों को ओपीडी, 900 से अधिक को आईपीडी सेवाएं तथा 140 से अधिक सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराए गए हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दूरस्थ बसाहटों में नियमित स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

### मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर फोकस

रिचिंग एवरी डिलीवरी (रेड) कॉल सेंटर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी की जा रही है। अब तक 44,000 से अधिक कॉल के माध्यम से माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित की गई है। इससे संस्थागत प्रसव में वृद्धि हुई है और उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की समय पर पहचान एवं उपचार संभव हुआ है।

### जीवन बचाने की प्रभावी पहल

जिले के सभी अस्पतालों में एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वर्ष में 626 सर्पदंश मामलों में से 616 का सफल उपचार किया गया है। गूगल शीट के माध्यम से केस-टू-केस मॉनिटरिंग, व्हाट्सएप ग्रुप द्वारा विशेषज्ञ परामर्श, तथा स्थानीय बैगा-गुनिया को प्रशिक्षित कर त्वरित अस्पताल भेजने की पहल से मृत्यु दर में कमी आई है।जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव, कुनकुरी, बगीचा, फरसाबहार, कांसाबेल और दुलदुला में रक्त भंडारण इकाइयों की स्थापना की गई है। इसके साथ ही जिला जशपुर के अधिकारिक वेबसाइट एनआईसी पोर्टल पर रियल टाइम डैशबोर्ड विकसित किया गया है।

# चांपाझरिया व्यपवर्तन योजना का होगा विस्तार

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर विकासखंड दुलदुला स्थित चांपाझरिया व्यपवर्तन योजना को राज्य शासन द्वारा पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण योजना के लिए कुल 51 करोड़ 44 लाख 62 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। जिससे जिले में सिंचाई सुविधाओं का व्यापक विस्तार होगा और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस योजना के क्रियान्वयन से लगभग 1800 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे वर्षा पर निर्भर खेती करने वाले किसानों को अब पर्याप्त पानी मिलेगा, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी और खेती अधिक लाभकारी बन सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह पहल किसानों के हित में एक बड़ा कदम है। इससे न केवल सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी और वे आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बन सकेंगे। चांपाझरिया व्यपवर्तन योजना के माध्यम से जल संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इससे न केवल कृषि उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि फसल विविधीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। किसान अब अधिक उन्नत एवं लाभकारी फसलों की खेती कर सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। सिंचाई सुविधा के विस्तार से क्षेत्र में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। यह योजना जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिससे दीर्घकालीन कृषि विकास को गति मिलेगी।



- 51 करोड़ 44 लाख रुपये की मिली स्वीकृति
- सिंचाई क्षमता बढ़ेगी किसान होंगे समृद्ध

# औघड़ की मड़ई जिगना में 210 मरीजों की जांच और इलाज



**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा रायगढ़ की शाखा औघड़ की मड़ई जिगना में सोमवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 210 मरीजों को लाभ मिला। मरीजों की जांच नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप शर्मा द्वारा की गई। इस शाखा में हर माह तीन नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है।

इस शिविर में 178 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। वही 71 मरीजों को नेत्र रोग सम्बन्धित ड्राप दिया गया। जांच के दौरान 13 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले। जिन्हें चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 68 मरीजों के चश्मा प्रधान कार्यालय अघोर गुरू पीठ ब्रह्मनिष्ठालय बनोरा भेजा गया है जिन्हें मरीजों के जांच अनुसार बना कर अगले नेत्र शिविर में वितरित किया जाएगा। विदित हो कि पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के निर्देशन में अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र औघड़ की मड़ई जिगना में प्रत्येक माह के 10, 20 और 30 तारीख को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होता है। जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाली जनता को मिलता है। वहीं अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र अघोर आश्रम डभरा में भी आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 12 मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया।

### युवती से दो युवक करने लगे छेड़खानी, एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** राशन सामान लेने के लिए किराने की दुकान पर रुकी एक युवती से छेड़खानी करने वाले आरोपी को महिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित युवती रायगढ़ में किराए के मकान में रहकर सेल्स गर्ल का काम करती है। वह 29 मार्च को महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि 26 फरवरी की रात ड्यूटी के बाद अपने परिचित के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रही थी। रास्ते में देवांगन धर्मशाला के पास रात लगभग 10 बजे राशन लेने के लिए रुकी। तभी बाटली खान अपने साथी प्रशांत सोनी के साथ आया और युवती को घूरते हुए बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। 29 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस टीम ने आरोपी प्रशांत सोनी 24 निवासी चांदनी चौक को उसके घर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी बाटली खान के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# एकरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आगाज

**जशपुरनगर।** रंगमंच के कई आयाम हैं जिसमें एक है दर्शकों के एकदम नजदीक अभिनय करना। पारंपरिक प्रेक्षागृह में मंच और प्रेक्षक के बीच एक दुरी होती है जबकि इंटिमेट थिएटर में अभिनेता और दर्शक परस्पर आमने - सामने होते हैं। जशपुर में एकरंग राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें दो प्रस्तुतियां हुई. पहली प्रस्तुति “राख”की हुई जिसका लेखन और अभिनय अनुराग तिवारी ने किया। नाटक का विचार युद्ध पर आधारित था।

'राख' एक प्रभावशाली एकल नाटक है, जो युद्ध की भयावहता और उसके मानवीय प्रभावों को गहराई से प्रस्तुत करता है। यह नाटक अलग-अलग पात्रों और परिस्थितियों के माध्यम से दर्शकों को उस दुनिया में ले जाता है, जहाँ हर आवाज़ के पीछे दर्द, डर और विडंबना छिपी होती है। जहां आवाज़ें अपनी अंतिम चीख के बाद खामोश हो जाती है। नाटक की शुरुआत एक नेता के भड़काऊ भाषण से होती है, जो शब्दों के माध्यम से भीड़ को उकसाता है और युद्ध की आग को भड़काता है। इसके तुरंत बाद सायरन की आवाज़ के साथ मंच पर अफरा-तफरी का माहौल बनता है, जहाँ आम नागरिक अपनी जान बचाने के लिए भागते नज़र आते हैं।कहानी में एक सैनिक का संघर्ष भी प्रमुख रूप से उभरता है, जो अपने कर्तव्य और व्यक्तिगत भावनाओं के बीच जूझ रहा है। इसके साथ ही एक माँ और उसके छोटे बच्चे का भावनात्मक संबंध नाटक को संवेदनशीलता प्रदान करता है, जहाँ ममता और भय का गहरा चित्रण देखने को मिलता है।“राख” केवल युद्ध की कहानी नहीं, बल्कि उसके बाद के होने वाले खालीपन और टूटन की अभिव्यक्ति है। यह नाटक दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करता है कि युद्ध में जीत किसी की नहीं होती अंत में केवल राख ही शेष रह जाती है।यह प्रस्तुति मानवीय भावनाओं, सामाजिक वास्तविकताओं और शांति के महत्व को उजागर करने का एक सशक्त प्रयास है।



- जशपुर में महानगरों की तर्ज पर एकरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन

निराश पीढ़ी का प्रभावशाली मंचन- निराश पीढ़ी का प्रभावशाली मंचन 31 मार्च को जशपुर में हुआ। यह एकल नाटक अपनी मार्मिक कथा और दमदार अभिनय के कारण दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ गया। प्रख्यात लेखक अग्निदूत तथा विश्वभावन देवलिया द्वारा अनुवादित नाटक का निर्देशन डॉ. प्रमोद पाण्डेय ने किया। मंच पर विश्वनाथ बोस उर्फ बीसू गुंडा के रूप में चंद्रहास बघेल ने एकल अभिनय के जरिए पूरे नाटक को जीवंत कर दिया। उनके अभिनय में एक युवा की पीड़ा, संघर्ष, आक्रोश और अंततः पश्चाताप की भावना बेहद प्रभावशाली ढंग से उभरकर सामने आई।नाटक “निराश पीढ़ी”आज के समाज की कठोर सच्चाइयों को उजागर करता है, जहां युवा वर्ग आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक दबावों के बीच अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। जिम्मेदारियों के बोझ तले दबा एक युवा किस प्रकार परिस्थितियों से जूझते-जूझते अपराध की राह पकड़ लेता है, और अंततः आत्मग्लानि में डूबकर खुद को समाप्त कर देता है यह कथा दर्शकों को भीतर तक झकझोर देती है।

# भरतनाट्यम नृत्य पर पूर्ण वंदे मातरम की प्रस्तुति

**जशपुरनगर।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के साथ ही जैन विद्यालय के छात्रों ने पूर्ण बंदे मातरम पर भारत नाट्यम नृत्य के साथ इसे उत्सव की तरह मनाया।

भारत की आज़ादी में वंदे मातरम का नारा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है. इसी अवसर पर छत्तीसगढ़िया क्लाउड एसोशियो कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा श्री महावीर दिगंबर जैन विद्यालय जशपुर में 10 दिवसीय भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में 35 से अधिक प्रतिभागियों ने दस दिनों तक भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया. साथ ही समापन के अवसर पर प्रस्तुति का आयोजन भी किया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने भरतनाट्यम नृत्य पर आधारित प्रस्तुति दी। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से शास्त्रीय नृत्य के सही गतियों, भाव, आसन और मुद्राओं को बतलाया गया। इसके साथ ही वंदे मातरम पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में मनीषा भगत ने रचनात्मक तरीके से छात्रों को प्रशिक्षित किया। मनीषा इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ से भरतनाट्यम में स्नातकोत्तर हैं। रूपावती बाई कार्यशाला सहायक के रूप में रही, जैन विद्यालय के शिक्षकगण अंजू और अनुपमा ने समन्वय की भूमिका निभाई। पूर्ण वंदे मातरम की भरतनाट्यम नृत्य पर प्रस्तुति के लिए जैन विद्यालय समिति की मंत्री स्वाति जैन और प्राचार्य संजय सिन्हा ने छात्राओं को बधाई और शुभकामना दी. प्रस्तुति उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़िया क्लाउड के द्वारा अपने अभ्यास स्थल पूरानी टोली में भरतनाट्यम और वेस्टर्न डान्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें जैन विद्यालय के छात्र भाग लेकर अपनी रचनात्मकता को निखार रहे हैं. साढ़े 4 वर्ष की बाल कलाकार से लेकर गृहणियां तक नृत्य सीख रही हैं। संस्था के डॉ.आनंद कुमार पाण्डेय ने बतलाया की आने वाले समय में और बड़े स्तर पर नृत्य, चित्रकला, अभिनय और संगीत का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।



# दो महिलाओं सहित 5 सटोरिए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया और कोतवाली पुलिस ने अलग- अलग स्थानों पर दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 4 मोबाइल फोन समेत नगदी रकम जब्त कर सभी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

टीआई त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में कान्हा मोबाइल दुकान के पास रेड कार्रवाई की गई। यहां आरोपी मनोज सोनी 50 निवासी खरसिया को मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते रंगे हाथों पकड़ा गया। मोबाइल जांच में सट्टा अंकों और रकम से संबंधित विवरण पाए गए। आरोपी के कब्जे से मोबाइल एवं 12 हजार 700 नकद जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने बीड़पारा और बापूनगर में सट्टा लिखने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने जयसिंह तालाब के पास हलिमा खातून 60 को सट्टा लिखते पकड़ा गया है। बापूनगर से मुकेश सोना 35 को मोबाइल और 1 हजार नकद के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार बीड़पारा क्षेत्र से रजिया बेगम 55 को सट्टा के साथ 3 हजार नकद के साथ पकड़ा गया। बापूनगर में अन्य कार्रवाई में आरोपी नरेन्द्र दीप पिता सूरजबल दीप 39 को सट्टा गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 25 मोबाईल, नकदी रकम 2 हजार रुपए जब्त किया गया है।



# जिले में नवा तरिया आय के जरिया अभियान की शुरुआत, जल संरक्षण के साथ रोजगार

**जिले के 28 क्लस्टरों में नए मॉडल तालाबों का होगा निर्माण**



**रायगढ़।** राज्य शासन के “मोर गांव, मोर पानी अभियान के अंतर्गत के मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत रायगढ़ जिले में एक नई और महत्वाकांक्षी पहल नवा तरिया, आय के जरिया प्रोजेक्ट की शुरुआत की जा रही है। जिला पंचायत द्वारा मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के समन्वय से इस योजना को नए वित्तीय वर्ष से जिले के सभी 7 विकासखंडों में लागू करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

योजना के तहत जिले के 28 क्लस्टर लेवल फेडरेशन सीएलएफ में कम से कम एक-एक मॉडल तालाब का निर्माण किया जाएगा। इन तालाबों को वैज्ञानिक तरीके से विकसित करने के लिए “रिज टू वैली” कॉन्सेप्ट अपनाया जा रहा है, जिसमें ऐप और युक्तधारा पोर्टल की मदद से स्थल चयन और योजना निर्माण किया जा रहा है। इससे कार्यों में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी, साथ ही भू-जल स्तर में सुधार की दिशा में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी।

इस योजना की सबसे खास बात यह है कि तालाबों का निर्माण मनरेगा के तहत किया जाएगा, लेकिन उनका उपयोग और प्रबंधन महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपा जाएगा। नवा तरिया, आय के जरिया थीम के अनुरूप इन तालाबों में मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन और अन्य जल आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में सीएलएफ से जुड़ी महिलाओं को तकनीकी जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें इस अभियान का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से यह योजना न केवल जल संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती देगी।



# एक दिवसीय आंदोलन के लिए शिक्षकों का दल दिल्ली रवाना

**जशपुरनगर।** टेट अनिवार्यता के विरोध में शामिल होने हेतु जशपुर जिले से सैकड़ों शिक्षकों का एक जत्था आज बस के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे का नेतृत्व जिला संचालक संतोष टांडे एवं अजय कुमार गुप्ता द्वारा किया जा रहा है।

उक्त आंदोलन में प्रदेश एवं देशभर से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होकर टेट अनिवार्यता के विरोध में अपनी आवाज बुलंद करेंगे। जशपुर जिले के शिक्षक भी पूरी एकजुटता के साथ इस आंदोलन में भाग लेकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। प्रस्थान के दौरान शिक्षकों में उत्साह एवं एकजुटता का माहौल देखने को मिला। सभी ने यह संकल्प लिया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

